आकाशवाणी केन्द्र शिमला

24.11.2024/प्रादेशिक समाचार/09.20 बजे

-----

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। मासिक रेडियो कार्यक्रम की ये 116वीं कड़ी होगी। मन की बात कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन. ए.आई.आर. मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना व प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा।

-----

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने सिंगल गर्ल चाइल्ड स्कॉलरशिप योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। वर्ष 2024 में सीबीएसई बोर्ड से 10वीं कक्षा उत्तीर्ण करने वाली छात्राएं इस योजना का लाभ उठा सकेंगी। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 23 दिसंबर है। पात्रता शर्तें और ऑनलाइन आवेदन पत्र सीबीएसई की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

-----

प्रदेश सरकार ने लोक निर्माण विभाग में नियुक्त चार हजार 800 मल्टी टास्क वर्करों के मानदेय में 500 रुपये की बढ़ोतरी की है। इस संबंध में सरकार द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। मल्टी टास्क वर्कर को अब 5000 रुपये प्रतिमाह मानदेय दिया जाएगा।

-----

नेहरू युवा केंद्र संविधान दिवस के मौके पर 26 नवम्बर को शिमला में पद यात्रा का आयोजन करेगा। नेहरू युवा केंद्र की निदेशक ईरा प्रभात ने कहा कि इस मौके पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम शिमला में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को संविधान के बारे में जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि ये पद यात्रा चौड़ा मैदान में अंबेदकर चौक से मालरोड़ स्थित खेल परिसर तक आयोजित की जाएगी। पद यात्रा में नेहरू युवा केंद्र से जुड़े युवा, माई भारत के स्वयं सेवक, युवा सेवा व खेल विभाग के स्वयं सेवक, खिलाड़ी, कॉलेज और स्कूलों के विद्यार्थी हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू होंगे।

-----

पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने विभिन्न योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों से अपनी फीडबैक देने को कहा है। हमीरपुर में जिला विकास समन्वय व निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि

सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए अधिकारी एक टीम की तरह कार्य करते हैं और इनकी नियमित रूप से समीक्षा के लिए ही दिशा का गठन किया गया है। अनुराग सिंह ठाकुर ने जमीन के रिकॉर्ड के डिजिटाइजेशन में तेजी जाने के निर्देश दिए ताकि इस रिकॉर्ड का प्रयोग फसल बीमा व अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन में भी किया जा सके।

-----

प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में मौसम ने करवट बदली है। जनजातीय जिला लाहौल स्पीति में कल दोपहर बाद से बर्फबारी हो रही है। रोहतांग, कुंजम दर्रा, बारालाचा और पांगी समेत कई चोटियों पर हिमपात हुआ है। मनाली में करीब आधा घंटा बारिश होने से तापमान में गिरावट आ गई है। लाहौल घाटी में ताजा बर्फबारी से तापमान में गिरावट आई है और ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। धर्मशाला समेत कई इलाकों में हल्की बूंदाबांदी हुई है। हालांकि राज्य के निचले क्षेत्रों में लोगों को अभी भी वर्षा का बेसब्री से इंतजार है। प्रदेश में बीते 53 दिनों से वर्षा नहीं हुई है। इस कारण राज्य में कृषि व बागवानी गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। राज्य के निचले क्षेत्रों में लोगों को घने कोहरे का भी सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने 26 व 27 नवम्बर को बिलापुर मंडी समेत कई हिस्सों में घने कोहरे की चेतावनी जारी की है।

-----

अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है–हिमाचल के कॉलेजों की होगी रैंकिंग सांइस स्कूल भी खोले जाएंगे। पंजाब केसरी की सुर्खी है–कॉलेजों की रैकिंग करने पर विचार कर रही राज्य सरकार।

त्रिलोक जमवाल हो सकते है हिमाचल भाजपा के अगले अध्यक्ष शीर्षक से हिमाचल दस्तक लिखता है– जनवरी 2025 से पहले संपन्न होंगे भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक चुनाव।

पंजाब केसरी मुख्यमंत्री के हवाले से लिखता है–प्रियंका की वायनाड जीत कांग्रेस के लिए साबित होगी मील का पत्थर।

दैनिक भास्कर का शीर्षक है–मॉनसून में आपदा से लापता लोगों के मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए नहीं करना पड़ेगा अब 7 साल इंतजार–प्रभावित परिवारों को इस साल मिल जाएगा लापता व्यक्ति का मृत्यु प्रमाण पत्र।

दिव्य हिमाचल की एक खबर है–हर जिला में अलग होगा मॉनसून ब्रेक–स्कूलों में समर और विंटर क्लोजिंग छुटि्टयों में बड़े बदलाव की तैयारी, कार्यशाला में लिए सुझाव।

दैनिक जागरण की एक सुर्खी है—राशनकार्ड धारकों को राहत, मिलेगा दालों का बैकलॉग।

मौसम पर आपका फैसला की सुर्खी है—मौसम ने बदली करवट, रोहतांग सहित ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी—प्रदेश के मौसम में आए बदलाव से शीतलहर का प्रकोप बढ़ा।